Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding protection of forest official on tree plantation drive from attack by tribals in Teleangana.

श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी (मल्काजगिरी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं तीन दिनों से अपनी बात कहने की कोशिश कर रहा हूँ । आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए thank you very much.

महोदय, एक बहुत गंभीर समस्या है । लगभग सौ साल से अधिक से यह समस्या लगातार बनी हुई है । सरसाला विलेज, कागज़नगर मण्डल, कोमाराम भीम आसिफ़ाबाद जिला, तेलंगाना में चार दिनों से एक मामला चल रहा है । फॉरेस्ट में प्लांटेशन के लिए जो ऑफिसर्स जा रहे हैं, तो वहाँ आदिवासी लोग फॉरेस्ट ऑफिसर्स को मार रहे हैं । 30 तारीख को वहाँ पर ऑफिसर्स गए हुए थे, तो पूरे आदिवासी लोगों ने ऑफिसर्स को मारा, जिसके कारण ऑफिसर्स के हाथ टूट गये हैं ।

Komaram Bheem, who was the first Indian Tribal Guerrilla Warier, वे इसके लिए निज़ाम सरकार के खिलाफ लड़कर शहीद हो गए । लेकिन, आज सौ साल के बाद भी यह समस्या वैसी ही बनी हुई है । जहाँ गोदावरी प्रांत है, वहाँ पर राज्य सरकार चुनाव हार गई । अभी राज्य सरकार में जो पॉलिटिकल पार्टी है, वहाँ अभी चुनाव में भाजपा को वोट दिया गया है । फॉरेस्ट ऑफिसर्स को वहाँ भेजा जा रहा है और आदिवासियों को कहा गया कि ये वही लोग हैं, ऐसा कहकर उन फॉरेस्ट ऑफिसर्स को मारने-पीटने के लिए सुझाव दे रहे हैं । …(व्यवधान)

इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से कहना चाहता हूँ कि there is no coordination between the Forest Officers and the Revenue Officers.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आपको बोलने की इजाज़त नहीं दी गई है । आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी : सर, रेवेन्यु डिपार्टमेंट और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में कोई कोऑर्डिनेशन नहीं है । ...(व्यवधान) वहां कोई लॉ एंड ऑर्डर नहीं है । ...(व्यवधान) कल भी जो सदस्य बोले थे, उनके इलाके में और मुलकलापल्ली, भद्राचलम और खम्माम डिस्ट्रिक्ट में कल भी फॉरेस्ट ऑफिसर के साथ आदिवासियों ने मारपीट की । ...(व्यवधान) इसका मतलब है कि यह पांच लाख हैक्टेयर की समस्या है । ...(व्यवधान) ये आदिवासी जंगलों में जी रहे हैं । ...(व्यवधान) इन लोगों को जंगल से निकालने के लिए यह सरकार कोशिश करे, इसलिए मैं आपके माध्यम से फॉरेस्ट मिनिस्टर और गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि फिफ्थ शेड्यूल में जो आएगा, वह ...* पूरा ठेकेदार है । ...(व्यवधान) आप ... * को यह आदेश दीजिए कि वे इसका इमिडिएट रिव्यु कर के इसमें जो-जो लोग शामिल हैं, उन सब को न्याय मिले । ...(व्यवधान)